Lacustrine rock : झीलकृत अवसादी शैल ; झील में निर्मित तलछट शैल ।
Lacustrine terrace : झील निर्मित वेदिका ; झील का प्राचीन तलस्तर ।
Ladang : इण्डोनेशिया ; मलेशिया एवं फिलिपाइन की झूमिंग कृषि ; जंगल जलाकर खेती करना ।
Lag : नदी निक्षेप तलीय मोटा अवसाद ; नदी निक्षेपित कंकड़-बजरी ।
Lag : मन्द गति ; मन्द प्रवाह ; पश्चता ; मौसम परिवर्तन एवं उसके यान्त्रिक अभिलेख के मध्य का समय ।
Lag fault : न्यूनकोणीय स्तर भ्रंश ।
Lag gravel : (नदी तल की) अवशिष्ट कंकड़-बजरी ।
Lag of season : मौसम अन्तराल ; ऋतु पश्चता ।
Lagoon : क्षारीय कच्छ ; समुद्री बालू तट

का पृष्ठीय अवरुद्ध क्षारीय जल ; तट तथा समुद्री शैल भित्ति के मध्य का जल ; प्रवाल वलय से घिरी हुई समुद्र तटीय झील ; लैगून ।

Lagrangian measurement : आकाशी धुएँ से या वाही गुब्बारों से वायु गति का माप लेना ; लेगरेन्ज वायु माप ।

Lake : झील ; भू-पृष्ठीय विशाल जलज गर्त ।

Lake deposit : झील निक्षेप ।

Lake-dwelling : झील आवास ; झील में खड़े खम्भों पर आधारित आवास ; सरोवरीय टापू अधिवास ।

Lake let : लघु झील ।

Lake rampart : झील तटीय श्रेणी ; झील की तटवर्ती अवसाद श्रेणी ।

Lake strand : झील का किनारा ; झील तट ।

Lambert conformal conic projection : लेम्बर्ट का शंक्वाकार शुद्ध आकृति प्रक्षेप ।

Lamina : पटल ; पत्र ; फलक ; परत ; पपड़ी ; झिल्ली ।

Laminar flow : हिम फलकीय प्रवाह ; हिम स्तरीय गति ।

Laminated rock : पत्तीदार पर्तीली चट्टान ; पत्तीदार परतीली चट्टान का बनना ।

Land : भूमि ; स्थल ; जमीन ।

Land ablation : स्थल अपक्षरण ; स्थल कटान ।

Land breeze : स्थलीय समीर ; स्थल वायु ।

Land bridge hypothesis : जैफरे की स्थल सेतु परिकल्पना ।

Land coverage map : इमारती सीमा क्षेत्र मानचित्र ; अधिवास सम्पत्ति सीमा मानचित्र ।

Lander kunde : प्रादेशिक अध्ययन ; भू-वर्गीकरण ।

Landes (Fr.) : बलुई निम्न भू-भाग ; मूर भू-भाग ; तटीय रेत के टीले ; विशाल रेतीला क्षेत्र ।

Land form geometry : स्थलाकृतिक ज्यामिति ।

Land forms : स्थलाकृतियाँ ; स्थलरूप ।

Land-hemisphere : स्थल गोलार्द्ध ।

Land loptia : अफ्रीकी रदर ।

Land mark : सीमा चिह्न ; भू-चिह्न ; सीमान्त ।

Land mass : स्थल खण्ड ।

Land measure : भू-माप ; क्षेत्रफल मापक ।

Land of midnight sun : अर्द्ध-रात्रि सूर्य प्रदेश ; उच्चतर अक्षांशीय प्रदेश जहाँ अर्द्ध-रात्रि में सूर्य दिखाई देता है ।

Land reclamation : भू-उद्धार ; समुद्र से भूमि प्राप्त कर कृषि योग्य बनाना ; भूमि सुधार ; पुनर्ग्रहण भू-उद्धार ।

Land route : स्थल मार्ग ; स्थल से जाने का रास्ता ।

Landscape (Dutch) : भू-दृश्य ; स्थल-रूप ; दृश्य भूमि ; प्राकृतिक भू-दृश्य ।

Lanscape School of Political Geography : राजनीतिक भूगोल की फ्रांसीसी विचारधारा ।

Landschaft (Ger.) : प्राकृतिक भू-दृश्य ; प्रादेशिक भू-दृश्य ; सादृश्य प्रदेश ।

Landslide : भू-स्खलन ; भू-भ्रंश ; भूमि का खिसकना ।

Landslide basin lake : भू-भ्रंश बेसिन झील ।

Landslope analysis : स्थल ढाल विश्लेषण ।

Land station : स्थल स्टेशन ; भू केन्द्र ।

Land surface : भू-पृष्ठ ; भूतल ।

Land survey : भू-सर्वेक्षण; स्थल सर्वेक्षण ।

Land survey map : मानव अधिवास प्रधान स्थलाकृतिक मानचित्र ; आवासीय भू-सर्वेक्षण मानचित्र ।

Land trade : स्थल व्यापार ।

Land type map : स्थल प्ररूप मानचित्र ।

Land use : भूमि उपयोग ।

Land utilization map : भूमि उपयोग मानचित्र ।

Land valve : अवरोधक स्थल उपद्वार ; स्थल उपद्वार जिससे आद्य मानव स्थानान्तरण कुछ अवरुद्ध रहा हो ।

Lane : समुद्री पथ ; वायु पथ ; पहाड़ी तंग मार्ग ; ग्रामीण कच्चा तंग मार्ग ; हिम क्षेत्रीय शुद्ध जल की चैनल ।

Lapies, Lapiaz (Fr.) : चूर्ण क्षेत्रीय कगूरी कटानी मार्ग ; चूने के प्रदेश में कटान निर्मित गर्त व लम्बे छिद्रों के मध्य का शिखर व कंगूरेयुक्त मार्ग ; चूने के प्रदेश का कंगूरी कटान मार्ग ।

Lapilli, volcanic (It.) : ज्वालामुखी शिलाखण्ड ; ज्वालामुखी विस्फोट से निकले क्षुद्र कंकड़-पत्थर ।

Laplace's Nebular hypothesis : लाप्लास की नीहारिका परिकल्पना ।

Lapse rate : ताप क्षय दर ; ह्रास दर ।

Lapse rate in situ : ऊँचाई के साथ वायुमण्डलीय ताप क्षय दर ।

Laramide orogeny : (अन्तिम जुरेसिक से प्रारम्भिक टर्सरी तक की) रॉकी पर्वत निर्माणकारी लेरामाइड अवस्था ।

Large scale map : दीर्घ मापक मानचित्र ।

Large scale production : विशाल पैमाने पर उत्पादन ।

Late Devonian : उत्तर मत्स्य युग ।

Latee : प्रकाश स्तम्भ ।

Late mature State : प्रौढ़ोत्तर राज्य ।

Late monsoon : विलम्बित मानसून वृष्टि वायु ।

Latent heat : गुप्त ऊष्मा ; सुषुप्त ताप ; बिना ताप वृद्धि के किसी वस्तु की अवस्था परिवर्तन की लुप्त ताप मात्रा ।

Latent heat of condensation : घनीभवन सुप्त ताप ; घनीभवन के समय छोड़ा गया भीतरी ताप ।

Latent heat of evaporation : जल को जलवाष्प में बदलने की वांछित ताप शक्ति ; जल वाष्पीकरण का सुषुप्त ताप ।

Latent heat of fusion : द्रवण सुषुप्त ताप ; ठोस से द्रवण की लुप्त ताप मात्रा ; संगलन सुप्त ताप ।

Latent instability : वायुराशि की आपेक्षिक अस्थिर परत का ऊपरी भाग ; वायुराशि की गुप्त अस्थिरता (स्वच्छन्द संवाहन की ऊपरी परत) ।

Latent life : निष्क्रिय जीवन ।

Lateral ablation : पार्श्विक हिम अपक्षरण ।

Lateral aggradation : निक्षेप निर्मित पार्श्ववर्ती भूअधिवृद्धि ।

Lateral axis : पार्श्व अक्ष ।

Lateral cone (volcanic) : ज्वालामुखी पार्श्वीय शंकु ; परिपोषित शंकु ।

Lateral consequent stream : पार्श्विक अनुवर्ती जलधारा ; स्वभावोद्भूत पार्श्विक मूल जलधारा ।

Lateral displacement : पार्श्व विस्थापन ।

Lateral dune : पार्श्ववर्ती बालू स्तूप ; रेत के मुख्य टीले का पार्श्वीय बालू स्तूप ।

Lateral eddy diffusivity : ववण्डर का पार्श्ववर्ती विस्तार ; भँवर का पार्श्वीय विस्तार ।

Lateral erosion : पार्श्विक अपरदन ; पार्श्व कटान ।

Lateral image : पार्श्वीय प्रतिबिम्ब ; पार्श्वस्थ आकृति ।

Lateral moraine : पार्श्ववर्ती हिमोढ़ ।

Laterite : उष्ण आर्द्र कटिबन्धीय लाल कंकड़ परत ; लेटेराइट ; आग्नेय शैल के उष्ण कटिबन्धीय आर्द्र अपक्षय से निर्मित लाल पदार्थ परत ।

Laterite soil : लेटेराइट मिट्टी ; लेटेराइट पर विकसित क्षेत्रीय मिट्टी ।

Later summer : उत्तर ग्रीष्म ।

Latex : लेटेक्स ; रबर के पौधे का दूध ; रबर दूध ; रबर वनस्पति दूध ।

Latitude : अक्षांश रेखा ; अक्ष वृत्त ; भूमध्य रेखा से उत्तर या दक्षिण में किसी बिन्दु की देशान्तर रेखा पर की कोणीय दूरी ।

Latitude and departure : अक्षांश एवं अक्षांशीय विचलन ।

Latitudinal zone : अक्षांशीय कटिबन्ध ; अक्षांशीय परिधि ; अक्षांशीय वृत्तों के मध्य का क्षेत्र ।

Latosol : लेटेराइट मिट्टी का अमरीकी

नाम ।

Launder : अन्त: पथ ।

Laurence : दिन की गर्मी में सड़क की झिलमिलाहट ।

Laurential shield : कनाडा शील्ड ।

Laurentian : (उत्तरी अमेरिका के उत्तरी झीलों के भाग की) पूर्व केम्ब्रियाई चट्टानें ।

Lava : लावा ; ज्वालामुखी से निकला पिघला शैल पदार्थ ।

Lava dam lake : लावा द्वारा अवरुद्ध नदी झील ; लावा बांध झील ।

Lava cone : लावा शंकु ।

Lava country : लावा प्रदेश ।

Lava dome : लावा गुम्बद ; लावा निर्मित गुम्बदाकार शैल ।

Lava eruption : लावा उद्गार ; भूगर्भ से लावा निकास ।

Lava flow : लावा प्रवाह ; लावा स्तर ।

Lavant : चूने के क्षेत्र में प्रवाहित विच्छिन्न जलधारा ; चूर्ण क्षेत्रीय अस्थायी जलधारा ।

Lava plain : लावा निर्मित मैदान ; लावा मैदान ।

Lava plateau : लावा निर्मित पठार ; लावा पठार ।

Lava region : लावा क्षेत्र ; लावा प्रदेश ।

Lava rock : लावा निर्मित शैल ; आग्नेय शैल ।

Lava sand : लावा रेत ; लावा बालू ; लावा मरुस्थल ।

Lava tunnel : लावा निर्मित पहाड़ी के मध्य का मार्ग ; लावा पैठ ; लावा चिमनी ; लावा सुरंग ।

Law of superposition : भू-पृष्ठीय (उपरि) नव शैल संरचना सिद्धान्त ; परतदार चट्टानों के आच्छादन (अध्यारोपण) का सिद्धान्त (नवीन चट्टानों का पुरानी परतों पर जमते जाना) ।

Law of unequal slope : तीव्र ढाल के तेजी से कटने का सिद्धान्त ; विषम ढाल के कटान का सिद्धान्त ।

Layering method : संस्तरण (परत) पद्धति ।

Layer-shading of relief : प्रकृति चित्रण की स्तरित छायांकन प्रणाली ।

Layer tint : उच्चतादर्शी वर्ण आभा ; स्तरित वर्ण क्रम ।

Layout : अभिरूप ; (भूमि का) रेखांकन ; अभिन्यास ; भूमि का विभाजन ।

Lazy bed : अनुद्योगी उच्च प्रदेशीय कृषि ।

Lea : परती ; चरागाह ; खुला मैदान ; सूत का माप—अण्टी ।

Leached soil : अन्तर्गलित मिट्टी ; घुली हुई मिट्टी ।

Leaching : घोल कर बहाना ; घोलना ; घुल कर बहाना ; उपरि परत से लवण, खनिज आदि घोल कर बहाना ।

Lead : सीसा ; अग्रता ; मार्ग प्रदर्शन करना ।

Leader : अग्रिम चैन मेन ; अग्रगामी चैन सर्वेक्षक ।

Lead ratio : (आयु निर्धारण का) यूरेनियम विघटन कृत सीसा निर्माण अनुपात ; यूरेनियम या थोरियम—रेडियोधर्मी विघटन से प्राप्त सीसा अनुपात जिससे पृथ्वी की आयु आंकी जाती है ; सीसा निर्माण अनुपात ।

League : लीग (3 समुद्री मील की लम्बाई की इकाई) ; संघ ।

Leap day : अधि दिन (29 फरवरी की तारीख) ।

Leap year : अधि वर्ष (366 दिन का वर्ष) ।

Leat : जल मार्ग ; खान को जाने वाला खुला जल मार्ग ; पर्वत पदीय जलज गर्त (जिसका जल नहर के रूप में ले जाया जाए) ।

Leather barter : चमड़े का विनिमय ।

Lebensraum (Ger.) : वास-स्थल ; आवश्यक निवास क्षेत्र ; निवास स्थान ।

Ledge : जलमग्न शैल श्रेणी ; चट्टान का बाहर निकला हुआ भाग ; प्रक्षिप्त शिला फलक ।

Lee, Leeward : पवन विमुख ; वायु प्रतिकूल पार्श्व ; प्रतिवात; ओट ; ओट में ।

Lee depression : पवनाभिमुख पार्श्वीय निम्न दाब गर्त ; वायु प्रतिकूल पार्श्व

निम्न भार।
Lee shore : पवनाभिमुख तट।
Lee side : पवन विमुखी पार्श्व; वायु प्रतिकूल पार्श्व।
Lee tide : प्रतिवात ज्वारभाटा।
Leeward island : पवनाभिमुख द्वीप; पवन दिशा की ओट का द्वीप; पवन विमुख द्वीप।
Lee wave : पर्वतावरोध से उत्पन्न तरंगाकृतिक वायु वेग; प्रतिवात तरंग।
Legume : फली; शमी धान्य।
Lehman's rule : चित्रणपटल स्टेशन की मानचित्र में शुद्ध स्थिति निश्चित करने का लेहमान सिद्धान्त; चित्रणपटल स्थिति निर्धारण का लेहमान सिद्धान्त।
Lehman system of hachuring : प्रकृति रेखाच्छादन की लेहमान पद्धति; हेश्यूर चित्रण की लेहमान पद्धति।
Leighly's climograph : लिल्ली का क्लाइमोग्राफ।
Leiotrichous : खड़े (सीधे) बालों वाला; खड़े बालों वाली मानव जाति।
Length : लम्बाई; विस्तार; फैलाव।
Lentic : जल निवासी; स्थिर जलजीवी।
Lenticularis cloud : दृष्टि मण्डलीय मेघ; लेंसाकारी मेघ।
Leo : सिंह; सिंह राशि।
Leroy pen : अक्षरांकन का लेरॉय स्टेन्सिल पेन; लेरॉय पेन।
Leste : ग्रीष्म के अतिरिक्त कैनेरी द्वीप समूह में चलने वाली उष्ण व शुष्क पूर्वी वायु; लेस्टी पवन।
Levant (Sp.) : पूर्व; पूर्व देश।
Levante, Levanter wind (Sp.) : स्पेन एवं बैलेरिक द्वीप के मध्य चलने वाली उत्तर उत्तर-पूर्वी प्रचण्ड वायु; लेवेण्टी उष्ण वायु।
Leveche (Sp.): मोरक्को से स्पेन को चलने वाली उष्ण प्रचण्ड वायु; लेवेची उष्ण एवं शुष्क पवन।
Levee (Fr.) : प्राकृतिक नदी तटबन्ध; बाढ़ से नदी के किनारों का बाढ़ के मैदान से ऊँचा हो जाना; जलधारा के तटीय बाँध।
Levee ridge : नदी तटबंध श्रेणी; लेवी श्रेणी।
Level : तलदर्शक; समतल; तल; स्तर; लेवल यन्त्र।
Level angle : तल कोण; समतल कोण; लेवल कोण।
Level circuit : तल वृत्त; समतल रेखा वृत्त; तलदर्शी वृत्त।
Level course : समतल मार्ग।
Level crested mountain : समतल शिखर वाला पर्वत; समान शिखर वाला पर्वत।
Levelling : समतलन; तलमापन; समतलीकरण; समतल करने का कार्य।
Levelling staff : तलमाप दण्ड; समतल मापी छड़; लेवल स्टाफ।
Level of compensation : संतुलित तल; अनुपूर्ति तल; क्षतिपूर्ति तल; समकारी तल।
Level of saturation : संतृप्त तल; संतृप्त स्तर।
Level of uniform pressure : समदाब तल।
Level section : भूमि समतलन परिच्छेद।
Level slope : समतल ढाल; 0° से 5° तक का ढाल।
Level, spirit : स्प्रिट लेवल; समतल (स्प्रिट) मापी।
Level surface : समान तल; समतल तल।
Level tube : समतलदर्शी स्पिरिट नली; लेवल ट्यूब।
Lewisian : उत्तर-पश्चिम स्कॉटलैण्ड की पूर्व कैम्ब्रियाई चट्टानें।
Ley, Lay, Lea : कृष्ट घास क्षेत्र; कृषित घास।
Liana, Liane : रस्सी जैसी वंध लता; उष्णकटिबन्धीय महालता (वेल)।
Lias : निम्न जुरैसिक जीवावशेष चूर्ण प्रस्तर; चूना, चीका व बालू शैल; नीली कंकरीली चट्टान।
Libeccio wind (It.) : कोर्सिका में पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम से चलने वाली प्रचण्ड पवन; कोर्सिका की लेबिसियो

पवन।
Libra : तुला ; तुला राशि।
Lichen covered ground : काई से आच्छादित भूमि ; काई कच्छ।
Lido (It.) : बालू तट अवरोध ; तट के समान्तर बालू भित्ति ; घाट।
Lift irrigation : जलोत्थान सिंचाई ; जल उत्थापक सिंचाई ; लिफ्ट सिंचाई।
Light breeze : मन्द समीर ; 4-7 मील प्रति घण्टे की गति की वायु।
Light face Italic : सामान्य फलकीय इतालवी लिखावट।
Lighthouse : जल दीप ; प्रकाश स्तम्भ।
Lighthouse of the mediterranean : भूमध्य सागरीय प्रकाश स्तम्भ—स्ट्रोम्बोली ज्वालामुखी ; स्ट्रोम्बोली ज्वालामुखी – प्रकाश मेघ।
Light industry : उपभोक्ता उद्योग ; अल्पआयतन उद्योग ; हल्का उद्योग ; अल्प भार उद्योग।
Lightning : बिजली ; कौंध ; तड़ित्।
Lightning streak : तड़ित रेखा।
Light ship : तैरता दीपगृह ; प्रकाश जहाज।
Light soil : पतली मिट्टी परत ; भुरभुरी मिट्टी ; हल्की मिट्टी।
Light structural : लघु संरचना ; लघु निर्माण मूलक ; लघु संरचनात्मक।
Light wave : अनुप्रस्थ गौण तरंग ; तिर्यक (आड़ी) भूकम्प तरंग ; सामान्य भूकम्प तरंग।
Light year : प्रकाश वर्ष (एक प्रकाश वर्ष =5,878,310,400,000 मील) ; 186326 मील प्रति सैकण्ड की गति से एक वर्ष में पार की जाने वाली प्रकाश दूरी।
Lignite, brown coal : निम्न श्रेणी का भूरा कोयला ; लिग्नाइट ; उपबिटुमिनस एवं पीट की मध्य श्रेणी का कोयला।
Lily : कुमुदिनी ; लिली।
Limb of fold : वलन भुजा ; मोड़ की भुजा ; धरातली मोड़ का किनारा ; मोड़ के दोनों किनारों की चट्टानी परतें ; मोड़ का पार्श्व अंग।
Lime : चूना।
Lime soil : चूना मिट्टी ; मिट्टी में चूने का अंश।
Limestone : चूर्ण प्रस्तर ; चूने का पत्थर ; चूर्ण प्रस्तर।
Limestone region : चूने का प्रदेश।
Limes : सीमान्त क्षेत्र का सुरक्षित मार्ग।
Limiting form : सीमान्त रूप ; परिसीमित आकृति।
Limiting length : परिसीमित लम्बाई।
Limiting parallel : सीमान्त अक्षांश रेखा।
Limitrophe : सीमावर्ती।
Limnetic : मीठे पानी में रहने वाला ; झील जीवी।
Limnology : झील जीव विज्ञान।
Limon (Fr.) : वायूढ़ मृदा ; वायु निक्षेप मृत्तिका ; लोएस मृदा जैसी सूक्ष्म कणिक मिट्टी ; उपजाऊ दुमट मिट्टी।
Limonite : भूरा पीला लोहा ; लिमोनाइट लोह अयस्क।
Limpo : सवन्ना प्रकार के ब्राजील के घास के मैदान।
Lineament : रेखाकृति ; आकार-प्रकार ; आकृतिक पहचान रेखा चिह्न।
Linear : रैखिक ; रेखाबद्ध ; अनुरेख ; पंक्तिबद्ध ; लम्बा ; रेखीय।
Linear current : संकीर्ण लम्बी धारा।
Linear diagram : रेखीय आरेख ; अनुरेख आरेख।
Linear enumeration survey : पंक्तिबद्ध संगणना सर्वेक्षण ; बहुपक्षीय संगणना।
Linear eruption : ज्वालामुखी के पंक्तिबद्ध धरातली उद्‌गार।
Linear measure : रैखिक माप ; रेखीय-माप।
Linear pattern of communication : अनुरेख संचार प्रणाली ; संचार व्यवस्था की रेखीय शैली।
Linear (tangential) velocity : संस्पर्शीय अनुरेख वेग।
Line coordinates : रेखा निर्देशांक।
Line curve : रेखा वक्र।
Line engraving : रेखा नक्काशी ; रेखा

खोदने का कार्य ।

Line graph : रेखीय-ग्राफ ; अनुरेख चित्र ।

Line map : सांस्कृतिक विन्यास मानचित्र; क्षेत्रीय सांस्कृतिक एवं प्रवाह प्रणाली के संकेत चित्रीय मानचित्र ।

Line of discontinuity : विषम वायु राशियों के मध्य का सीमाग्र ; उष्ण एवं शीतल वायु राशियों को अलग करने वाली रेखा ।

Line of flow : प्रवाह दिशा ; अपवाह-मार्ग ।

Line of node : खगोलीय वृत्त परिच्छेद रेखा ; शिरो विन्दु रेखा ; पात रेखा ।

Line of occlusion : उष्ण सीमाग्र अधि-धारण रेखा ; अवरोधित वाताग्र रेखा ।

Line of profile : पार्श्विका रेखा ; पार्श्व-रूप रेखा ।

Line of sight : दृष्टि रेखा; प्रेक्षण रेखा ; स्थिति रेखा ।

Line ranger : दिशा की सीध मिलाने वाला ; पंक्तिवद्ध करने वाला ।

Lines of communication : संचार पथ ।

Line scale : अनुरेख मापक ; रैखिक मापक ।

Line squall : प्रचण्ड तूफानी पथ ; प्रचण्ड शीत सीमाग्र पथ ।

Line thunderstorm : वज्र झंझावात पथ ; गरज के साथ तूफानी वर्षा का पथ ।

Line trees : पंक्तिवद्ध सीमा वृक्ष ।

Lining-in : पक्की रेखा खींचना ; रेखांकन ।

Link : कड़ी ; संयुक्त करना ; शृंखला ; शृंखलावद्ध करना ।

Link chain : कड़ियों वाली जरीब ; कड़ी-दार चैन ।

Lin map : कम्प्यूटर मानचित्र ; कम्प्यूटर रेखामुद्रक का मानचित्र ।

Liquation : ताप द्रवण ; द्रवीकरण ।

Liquefaction : द्रवण ; पिघलने (गलने) का कार्य ; तरलीकरण ।

Liquid : द्रव ; तरल ; द्रव रूप ।

Liquid interior : तरल भूगर्भ ; द्रव अभ्यन्तर ।

Listing, ploughing : कृष्ट क्यारी बनाना ; कृष्ट मेड़ बनाना ।

Lithate : आम्लिक लवण ; तेजाबी नमक ।

Lithe : मुलायम ; लचीला ।

Lithification : अवसाद का चट्टानी रूप धारण करना ; अवसादी चट्टान का जमाव ; दबाव कृत परतीली शैल ।

Lithogenesis : भूसन्नति अवस्था ; भूसन्नति में पर्वत निर्माण अवसाद-निक्षेप की अवस्था ; भूसन्नति-निक्षेपा-वस्था ; शैल-जनिकी ।

Lithograph : शिला मुद्रित ।

Lithograph : शिलामुद्रण करना ; लिथो करना ।

Lithographic stone : लिथो प्रस्तर । मुद्रण शिला ।

Lithography : शिला मुद्रण; लिथो मुद्रण ।

Lithology : प्रस्तर विज्ञान ; शैल-शास्त्र ; शैल संरचना विज्ञान ।

Lithosere : चट्टान क्षेत्रीय वनस्पति विकास चक्र ।

Lithosol : कंकरीली नवीनतम मिट्टी ।

Lithosphere : स्थल मण्डल ।

Little ice age : (3000—500 ईसा पूर्व का अमरीकी लघु हिमयुग ; हिमानी की पुनर्वृद्धि ; क्षेत्रीय-हिमाच्छादन का पुनर्नवीकरण ।

Littoral : समुद्र तट ; तटवर्ती ; तटीय ।

Littoral current : तट के समान्तर प्रवाहित धारा ; वेलांचली धारा ।

Littoral deposit : समुद्र तटीय निक्षेप ; छिछले समुद्र तटीय निक्षेप ।

Littoral desert : समुद्र तटवर्ती मरुस्थल ।

Littoral fauna : तटवर्ती प्राणी समूह ; 200 मीटर गहराई तक के जीव ।

Littoral vegetation : तटीय वनस्पति ।

Littoral zone : समुद्र तटीय प्रदेश ; तट क्षेत्र ।

Livestock : पशु धन ; मवेशी ; चौपाये (पशुपालन) ।

Living space : आवश्यक निवास क्षेत्र ; निवास स्थल ।

Lixiviation : क्षार निष्कर्ष ; द्रावण ।

Llama : दक्षिण अमेरिका का भारवाहक पशु—लामा ; लामा पशु की ऊन ।

Llano (Sp.) : गाइना पठार के उष्ण कटिबन्धीय घास के मैदान ; समतल चरागाही मैदान ; वृक्षहीन समतल क्षेत्र ।

Llano's graphic method : लानोज-ग्राफीय विधि द्वारा तीन अवलोकित बिन्दुओं से (मानचित्र पर सर्वेक्षण स्टेशन की) स्थिति का निर्धारण ; सर्वेस्टेशन स्थिति-निर्धारण की लानोज ग्राफीय विधि ।

Load : वहन सामग्री ; परिवहन सामग्री ; भार ; बोझ ; भरना ।

Load, Load of river : नदी की परिवहन सामग्री ।

Loading and unloading : समुद्रों को अवसाद से भरना तथा उच्च स्थलों को काटकर नीचा करना ; भराई तथा कटाई ।

Loam, Loamy soil : दुमट मिट्टी ; रेत, चीका तथा पंक मिट्टियों का मिश्रण ।

Lobate contour lines : खण्ड समोच्च रेखाएँ ; प्रक्षिप्त पिण्ड की समोच्च रेखाएँ ; क्षीणाकारीय क्षेत्र की समोच्च रेखाएँ ।

Lobate delta : क्षीणाकार डेल्टा ; प्रक्षिप्त भूखण्ड डेल्टा ।

Lobate moraine : पिण्ड हिमोढ़ ; खण्डकीय हिमोढ़ ; मुख्य हिमानी के प्रक्षिप्त भाग से बने पिण्ड हिमोढ़ ।

Lobe : लटकता हुआ गोलाकार भाग ; हिमानी का प्रक्षिप्त खण्ड ; ढाल से बलुई तट को खिसकती आर्द्र चीका मिट्टी ; नदी के घुमावदार मार्ग से घिरा भूखण्ड ; पिण्ड ; खण्ड ।

Local attraction, magnetic : स्थानीय चुम्बकाकर्षण : स्थानीय आकर्षण ।

Local climate : लघु क्षेत्रीय जलवायु ; कम दूरी में ही अन्य स्थानों से भिन्न स्थानीय जलवायु ।

Local geography : स्थानीय भूगोल ; परिवेश अध्ययन ।

Localisation of industries : उद्योगों का स्थानीयकरण ।

Locality survey : स्थान विशेष का सर्वेक्षण ; स्थानीय परिस्थिति सर्वेक्षण ।

Local metamorphism : स्थानीय रूपान्तरण ; स्थानिक कायान्तरण ।

Local pressure system : स्थानीय वायु भार क्रम ।

Local relief : सापेक्ष भू-आकृति ; स्थानीय भू-आकृति ; सीमित क्षेत्र के उच्चतम एवं निम्नतम ऊँचाई के बिन्दुओं के मध्य का अन्तर ।

Local resources : स्थानीय संसाधन ।

Local superimposition : स्थानीय पूर्वारोपण ; स्थानीय अध्यारोपण ।

Local time : स्थानीय समय ; स्थानीय सौर समय ; धूप घड़ी का समय ।

Local water table : स्थानीय जल स्तर ; स्थानीय भौम जल स्तर ।

Local wind : स्थानीय पवन ; स्थानिक हवा ।

Location : स्थिति ; स्थिति निश्चयन ; अवस्थिति ; स्थान निर्धारण ।

Locational analysis : स्थिति-निर्धारण सम्बन्धी विश्लेषण ।

Location of bar high : मानचित्र पर उच्च दाब क्षेत्रीय स्थिति ।

Location of bar low : मानचित्र पर निम्न दाब क्षेत्रीय स्थिति ।

Loch (Scot.) : लघु फियार्ड ; तटवर्ती संकीर्ण समुद्री भाग ।

Lochan (Scot.) : सर्क में अवस्थित लघु झील (स्कॉटलैण्ड की), लघु झील ।

Lockage : नहरी जल प्रवाह का उतार-चढ़ाव ।

Lock gate : नहर का जलावरोध द्वार ; नहरी फाटक ।

Locus : बिन्दु पथ ; रेखा पथ ; बिंदु स्थिति ।

Lode : कृत्रिम जल मार्ग ; खनिज पट्टी (धारी); दरारी खनिज पट्टी ; अयस्क की समान्तर धारियाँ ।

Lode stone : चुम्बक पत्थर ।
Loe bar : मीठे जल की तटीय भित्ति लेगून ।
Loess, Loss (Ger.) : पवनोढ़ मृत्तिका ; वायु निक्षेप मृत्तिका ; विमृदा ; लोएस मिट्टी ; लोएस ।
Loessleem : चूना मिश्रित लोएस मिट्टी ।
Loessoide : लोएस निर्मित स्थल ; विमृदात्मक मूल स्थल ।
Logan's line : दक्षिण-पूर्वी कनाडा की भूगर्भीय तत्त्व सीमा रेखा ।
Logan stone : सन्तुलित अधर शिला ; छूते ही हिलने वाला सन्तुलित भारी पत्थर ।
Logarithmic computation : लघुगणक परिकलन ; लॉगरिथ्मीय परिकलन ।
Logarithmic scale : लघु गणकीय मापक्रम ; लॉगरिथ्म सम्बन्धी मापक ।
Log raft : (नाव के रूप में प्रयुक्त) लट्ठों का बेड़ा ; पटरा ।
Longitude : देशान्तर रेखा; मुख्य मध्याह्न रेखा (0° या ग्रिनिच) के पूर्व-पश्चिम में किसी स्थान की कोणीय दूरी ।
Longitudinal coast : प्रकृति सदृश्य तट ; भू-आकृति की प्रवृत्ति के समान्तर लम्बा तट ; सुसंगत तट रेखा ; प्रशान्त प्रकार तट रेखा ।
Longitudinal consequent stream : प्रकृति सदृश्य लम्बी अनुवर्ती जलधारा ; देशान्तरीय अनुवर्ती धारा ।
Longitudinal crevasse : हिमानी की लम्बी दरार ; लम्बी हिमानीय दरार ।
Longitudinal dune : पवनानुवर्ती टीला ; अनुदैर्घ्य स्तूप ; पवनानुवर्ती लम्बा बालू स्तूप ।
Longitudinal measurement : लम्बे माप ।
Longitudinal profile : संरचना सदृश्य लम्बे पार्श्व चित्र ।
Longitudinal section : देशान्तरीय अनुभाग ; लम्बा खण्ड; अनुदैर्घ्य परिच्छेद ।
Longitudinal stream : अनुदैर्घ्य जलधारा ; संरचना की दिशा में बहने वाली जलधारा ।
Longitudinal stress : अनुदैर्घ्य गुरुत्व ।
Longitudinal subsequent stream : संरचना की दिशा में बहने वाली उत्तरवर्ती जलधारा ।
Longitudinal tension : अनुदैर्घ्य तनाव; देशान्तरीय तनाव ।
Longitudinal valley : पर्वत श्रेणियों की प्रवृत्ति के समान्तर नदी घाटी ; अनुदैर्घ्य घाटी ; समान्तर नदी घाटी ।
Longitudinal wave : लम्बात्मक तरंग ; अनुदैर्घ्य तरंग ; प्रधान लहर ; धरातलीय लम्बी भूकम्प तरंग ; भूकम्प मूलक भूपृष्ठ आघाती तरंग ।
Long lay : कृष्ट लम्बी घास का क्षेत्र ।
Long line scale : दीर्घ अनुरेख मापक्रम ; अनुदैर्घ्य रैखिक माप ।
Longmyndian : पूर्व कैम्ब्रियाई युग के पंक एवं बालू प्रस्तर क्रम ।
Long period waves : धरातलीय दीर्घकालिक लहरें ; धरातली लहरें ।
Long profile of a river : उद्गम से मुहाने तक नदी तल का अनुदैर्घ्य पार्श्व रूप ; नदी मार्ग का दीर्घाकार पार्श्व चित्र ।
Long range weather forecasting : दीर्घकालीन मौसम पूर्वानुमान ; मौसम की दीर्घकालिक (5 दिन से अधिक की) भविष्यवाणी ।
Long shore drift : तट के समान्तर प्रवाहित जलधारा ; वेलांचली धारा ; तटस्पर्शी जलधारा ।
Long staple cotton : लम्बे रेशे वाली कपास ; द्वीपीय कपास ।
Long ton : लोंग टन ; (2240 पौण्ड का) दीर्घ टन ।
Long wave : दीर्घ तरंग ; धरातलीय लहर ; लम्बी तरंग ।
Loom : करघा ; लूम ; समुद्र से अस्पष्ट स्थल दर्शन ।
Looped bar : कुण्डलित अनुदैर्घ्य भित्ति ; कुण्डलित लम्बी रोधिका ; तटीय दो भू-जिह्वा के मिलने पर निर्मित कुण्डलित भित्ति ।
Loose leaf Atlas : खुले पृष्ठों का एट-

लस ; अलग्न पृष्ठीय एटलस ।

Loose needle traverse : (चुम्बकीय मध्याह्न रेखा के सन्दर्भ से) कम्पास या थिओडोलाइट सर्वेक्षित संरेखण ।

Loose snow : विच्छिन्न हिम ; अस्थिर हिम पुञ्ज ।

Loose soil : अदृढ़ मिट्टी ; ढीली मिट्टी ।

Lopolith : तश्तरीनुमा अन्तर्भेदी आग्नेय शैल बेसिन ; चट्टानी दरारों के मध्य तश्तरीनुमा अनुवर्ती अन्तर्भेदी माग्मा, तश्तरीनुमा आग्नेय शैल ।

Lopsided earth : एक तरफ झुकी हुई पृथ्वी ; एक ओर भारी पृथ्वी ।

Loran chart : जहाज़ी पथ चार्ट ; नौ-चालन पथ रेखा चार्ट ।

Lough : तटीय तंग समुद्री भुजा ; लघु फिओर्ड ; झील ।

Low, atmospheric : वायुमण्डलीय निम्न-दाब ; वायुमण्डलीय अल्पदाब क्षेत्र ।

Low, beach : तटवर्ती लम्बा छिछला गर्त; तटवर्ती बलुई पहाड़ियों के मध्य का समान्तर गर्त ; तटवर्ती अनुदैर्घ्य गर्त ।

Low dip : न्यून नमन ; अल्प झुकाव ।

Lower case writing : निम्नतर ऊँचाई के अक्षर ; छोटी लिखावट ।

Lower layer : निचली परत ; निम्नतर परत ; 3·0 से 3·3 घनत्व की मध्यम अधःपरत ।

Lower mantle : भूगर्भीय निम्नतर अवि घनत्व परत ; भूपृष्ठीय निक्षेपात्मक अवसाद ।

Low land : निम्न भूमि ; निम्न भाग ; निम्न देश ; नीची भूमि ; निचले मैदान ।

Low land coast : निमग्न निम्न भूमि तट ।

Low land rice : मैदानी चावल ।

Low latitude : निम्न अक्षांश ; भूमध्य रेखा के समीपस्थ अक्षवृत्त ।

Low latitude circle : निम्न अक्षांश वृत्त ।

Low lying marsh : निम्नस्थ भूदलदल ; निचला दलदल ; निम्न दलदल क्षेत्र ।

Low pressure area : निम्न वायु भार क्षेत्र ; चक्रवातीय क्षेत्र ।

Low pressure belt : अल्प दाब कटिबन्ध; निम्न भार कटिबन्ध ।

Lows : निम्न वायुभार-क्षेत्र ; चक्रवातीय क्षेत्र ।

Low temperature : निम्न ताप ।

Low tide : निम्न ज्वारभाटा ।

Low veld : शीतोष्ण कटिबन्धीय दक्षिण अफ्रीका के 3000' से नीचे के घास के मैदान ।

Low velocity layer : अल्प वेग वाली परत ।

Low water level : निम्न जलतल ; भाटे का जल स्तर ।

Low water mark : निम्न जल सीमा ; भाटा रेखा ; तटीय निम्न जल (भाटा) रेखा ।

Loxodrome : विशुद्ध समदिशामान रेखा ; शुद्ध-दिशामान-पथ ; लक्ज़ोड्रोम ; अपरिवर्तनीय शुद्ध दिशामान रेखा ।

Lucerne : रिजका (घास) ; अल्फा अल्फा प्रकार की घास ।

Lud low shale : सिलुरियाई युगीन स्लेटी शैल (प्रस्तर) ।

Lumbering : लकड़ी काटने का उद्योग ; लकड़ी काटना ; काष्ठ-उद्योग ।

Lumbwa : पूर्वी अफ्रीका के चरवाह— लुम्वा ।

Luminosity : चमकीलापन ; ज्योति ।

Luna : चन्द्रमा ; चाँद ; चाँदी ।

Lunar apsides : चन्द्र दूरान्तिक विन्दु ।

Lunar day : चन्द्र तिथि ; चन्द्र दिवस ।

Lunar eclipse : चन्द्र ग्रहण ।

Lunar halo : चन्द्र प्रभा मण्डल ।

Lunar node : चन्द्र ग्रहण की कक्षा ।

Lunar occulation : चन्द्र तारा ग्रहण ।

Lunar tidal force : चन्द्र-ज्वार शक्ति ।

Lunar year : चन्द्र वर्ष ।

Lunation : चन्द्रमास ।

Lunette : अर्द्ध चन्द्रक ; उभरा मेहराबी भाग ।

Lwavaves : धरातलीय लहरें ; लम्बी लहरें ; दीर्घ तरंगें ; भूकम्पमूलक भूपृष्ठ आघाती लहरें ।

Lynchet : पहाड़ी ढाल पर निर्मित कृत्रिम वेदिका ।

Lysimeter, Lysimetry : अन्तःस्राव जल-मापक यन्त्र ; मिट्टी का अन्तःस्रावी जल मापी ; मिट्टी-जलक्षरणमापी ।

M

Maar (Ger.) : ज्वालामुख का वृत्ताकार जलज गर्त ; विस्फोटक जलज गर्त ।

Macchia (It.) : भूमध्य सागरीय स्थलों की सदाबहार सुगन्धित झाड़ियाँ ।

Machair : सूक्ष्म सीपी रेत ।

Macintosh, Mackintosh : मोमजामा ; मेकिन्टोश निर्मित रबर कपड़ा (मोमजामा) ।

Mackerel cloud : कुन्तल मुकुटधारी मेघ; माकरेल मत्स्यनुमा मेघाच्छादन ।

Macro axis : दीर्घ अक्ष ; लम्ब धुरी ।

Macrobius map : विश्व का गोलाकार मानचित्र (मध्य युगीन) ।

Macro climate : वृहत् जलवायु क्षेत्र ; वृहत् जलवायु प्रदेश ।

Macro-cosm : ब्रह्माण्ड ; सम्पूर्ण विश्व ।

Macrograph : वृहत् ग्राफ ; विशाल रेखाचित्र ।

Macro region : महा प्रदेश ; वृहत् क्षेत्र ; विशाल प्रदेश ।

Maelstorm (Por.) : भँवर ; ज्वारीय धारा का वृहत् जलावर्त ।

Maestrale (It.) : मिस्ट्रल शीतवायु का इतालवी नाम ।

Maestro : भूमध्य सागर क्षेत्रीय उत्तर-पश्चिमी तीक्ष्ण वायु ; एड्रियाटिक व आयोनियन सागरीय उत्तर-पश्चिमी तीक्ष्ण वायु ।

Magdalenian : उत्तर पाषाण युगीन ।

Magellanic cloud : दक्षिण मेघ ।

Magma : माग्मा ; भूगर्भीय पिघला चट्टानी द्रव पदार्थ ।

Magma chamber : भूगर्भीय माग्मा भण्डार ; तरल माग्मज भूकेन्द्र ।

Magmatic water : माग्मज जल ; आग्नेय प्रक्रिया के समय भूगर्भ से निकला उष्ण खनिज जल ।

Magnetic anomaly : चुम्बकीय विषमता; चुम्बकीय विसगति ।

Magnetic axis : चुम्बकीय अक्ष ।

Magnetic azimuth : चुम्बकीय क्षितिज चाप; चुम्बकीय शुद्ध दिशा ; चुम्बकीय दिगंश ।

Magnetic bearing : चुम्बकीय दिशा-कोण ।

Magnetic compass : चुम्बकीय कम्पास ।

Magnetic declination : चुम्बकीय झुकाव ; भौगोलिक एवं चुम्बकीय देशान्तरों के मध्य का कोण ।

Magnetic dip : चुम्बकीय झुकाव ; चुम्बकीय नति ।

Magnetic direction : चुम्बकीय दिशा ।

Magnetic equator : चुम्बकीय विषुवत् रेखा ।

Magnetic flux : चुम्बकीय परिवर्तनमयता ।

Magnetic latitude : चुम्बकीय अक्षांश ।

Magnetic Meridian : चुम्बकीय मध्य (देशान्तर) रेखा; चुम्बकीय ध्रुव वृत्त ।

Magnetic needle : चुम्बकीय सुई ।

Magnetic North : चुम्बकीय उत्तर ; चुम्बकीय उत्तर दिशा ।

Magnetic pole : चुम्बकीय ध्रुव ।

Magnetic reversal : चुम्बकीय परिवर्तन; चुम्बकीय उत्क्रमण ।

Magnetic storm : चुम्बकीय विक्षोभ ; विश्वव्यापी चुम्बकीय अव्यवस्था ; चुम्बकीय झंझावात ।

Magnetic variation : विशुद्ध एवं चुम्बकीय देशान्तरों के मध्य का कोण ; चुम्बकीय झुकाव (अन्तर) ।

Magnetism, terrestrial : भू-चुम्बकत्व ; पार्थिव चुम्बकत्व ।

Magnetite : मैग्नेटाइट लौह धातु ।

Magnetograph : चुम्बकत्व रेखाचित्र ।

Magnetopause : चुम्बकत्व अन्तर सीमा ।

Magnetosphere : चुम्बकत्व नियन्त्रण क्षेत्र ।

Magnification : आवर्धन ; विस्तृतीकरण ।

Magnitude of an earthquake : भूकम्प प्रबलता ; सी. एफ. रिचटर का भूकम्प परिमाण माप ।
Maidan (Indian) : मैदान ; खुला समतल क्षेत्र ।
Main boundary fault : मुख्य सीमान्त भ्रंश ; मुख्य विभंजन सीमा ।
Mai-yu : किशमिश कालीन वर्षा ; उत्तर वसन्त एवं ग्रीष्म में चीन तथा जापान में होने वाली वर्षा ।
Maize : मक्का (अनाज) ।
Major relief of the earth : धरातल की प्रधान रूपरेखा ।
Malleable : वर्द्धनीय ; कुट्टय ; मुलायम ।
Mallee scrub : आस्ट्रेलियाई नीलगिरि घनी झाड़ियों का झुरमुट ।
Malpais (Sp.) : अनुपजाऊ विषम लावा भूमि (तल) ।
Mamelon : गोल शिखर की पहाड़ी ।
Mammatus cloud : पयोधर मेघ; स्तनीय मेघ ।
Mammilated surface : गोल चट्टानी चिकनी सतह ; हिमानीय कृत गोल चिकनी सतह ।
Mammoth cove : विशाल कुण्ड ; भीमकाय नतोदर कुण्ड ।
Mammoth hot spring : गर्म जल का विशाल जल स्रोत ; वृहत् गर्म जल स्रोत ।
Manganese : मैंगनीज़ धातु ।
Mangoshower : दक्षिण भारत की पूर्व मानसून वर्षा ; आम्र वर्षा ।
Mangrove : उष्णकटिबन्धीय कच्छ वनस्पति ।
Mangrove swamp forest : ज्वार प्रदेशीय दलदल के वन ।
Manioc : कसावा ; उष्ण कटिबन्धीय गाँठदार जड़ का पौधा जिसके श्वेत चूर्ण से खाद्य सामग्री बनाई जाती हैं ; मण्डशिफ ।
Manji : दक्षिण चीन (प्राचीन नाम) ।
Manna grass : वंसलोचन ; क्षीरी घास ।
Manometer : वायुघनता मापक ; वाष्प मान ; द्रव दावमापी ।
Manor : जमींदारी ; जागीर ; ताल्लुका ।
Mantle : पृथ्वी का ऊपरी अत्यल्प सिलिका आवरण ; ऊपरी मण्डल (3·0 से 3·3 घनत्व का 1800 मील मोटा पृथ्वी का ऊपरी आवरण) ; भूपटल एवं भूकेन्द्र के मध्य का आवरण (परत) ।
Mantle map : आवरण मानचित्र ।
Mantle rock : भू-आवरण शैल ; ऊपरी चट्टान ; अल्प सिलिक आवरण शैल ।
Manufacture : औद्योगिक निर्माण ; उत्पादन करना ; निर्माण ।
Manufactured product : औद्योगिक उत्पादन ; निर्मित वस्तु ।
Manure : खाद ; उर्वरक ।
Manuscript map : पाण्डुलिपि मानचित्र ।
Maori : दक्षिण न्यूजीलैण्ड के आदिवासी—माओरी ।
Map : मानचित्र ।
Map compilation : मानचित्र संकलन ।
Map coordinates : मानचित्र निर्देशांक ।
Map drawing : मानचित्रण ।
Map, geographic : भौगोलिक मानचित्र; भौगोलिक शिक्षा का सम्प्रेषक ।
Map interpretation : मानचित्र व्याख्या ।
Mappae Mundi : मध्य युगीन विश्व के गोलाकार मानचित्र ।
Map of non-quantitative areal distribution : अपरिमाणात्मक क्षेत्रीय वितरण मानचित्र ।
Map projection : मानचित्र प्रक्षेप ; प्रक्षेप ।
Map reading : मानचित्र अध्ययन ; मानचित्र पठन ।
Map scale : मानचित्र मापक ; मानचित्र पैमाना ।
Maquis (Fr.) : पश्चिम भूमध्य सागरीय क्षेत्रों की सदाबहार सुगन्धित झाड़ियाँ ।
Marble : संगमरमर ।
March, Mark, Marchland : सीमा क्षेत्र ; दो राज्यों के मध्य का विवादग्रस्त क्षेत्र ।
Marc : एक ही देश के अधिकार का क्षेत्र ।
Maremma : दलदलीय तट-प्रदेश ।
Mares' tail : बहुत लम्बी पूँछनुमा

गुच्छित कुन्तल मेघ ; अलका मेघ ।
Marginal area : सीमान्त क्षेत्र ।
Marginal belt of coral sea : प्रवाल समुद्र की पार्श्व पट्टी ; प्रवाली समुद्र का सीमान्त क्षेत्र ।
Marginal canal : सीमान्त नहर ; प्रान्तीय नहर ।
Marginal crescent : (रूस के सीमावर्ती) अर्द्ध मण्डलाकार सीमान्त-क्षेत्र ।
Marginal cultivation : सीमान्त कृषि ।
Marginal deep : द्वीप समूह के समान्तर लम्बा व संकीर्ण महासागरीय तल गर्त ; महासागरीय सीमान्त तल गर्त ।
Marginal lake : सीमान्त झील ।
Marginal sea : अर्द्ध संवृत्त समुद्र ; महाद्वीपीय सीमाओं से घिरा आधा बन्द समुद्र ; प्रादेशिक समुद्र ।
Marginal town : सीमान्त नगर ।
Maria : समुद्र ।
Marin : दक्षिण फ्रान्स में वसन्त व शरद ऋतु में चलने वाली दक्षिण-पूर्वी आर्द्र-उष्ण वायु—मैरिन ।
Marine : समुद्रीय ; व्यापारी जहाज ; जल सेना सम्बन्धी ; समुद्री जहाज ।
Marine Arctic air mass : आर्कटिक समुद्री वायु राशि ।
Marine atmosphere : समुद्री वायुमण्डल; सागरीय वायु ।
Marine belt : प्रान्तीय समुद्र ; प्रादेशिक समुद्री सीमा पट्टी ।
Marine bench : समुद्री फलक ; समुद्री वेदिका ।
Marine clay soil : निम्न तटीय चीका मिट्टी ; निम्न तटीय समुद्री चीका मिट्टी ।
Marine climate : समुद्री जलवायु ।
Marine delta : ज्वारीय सीमा डेल्टा ।
Marine deposit : महासागरीय निक्षेप ।
Marine life : समुद्री जीवन ।
Marine platform : सपाट समुद्र तल ।
Marine polar air mass : ध्रुवीय समुद्री वायु राशि ।
Marine rock : सागरीय अवसादी शैल ; सागर में जमा तलछट शैल ।
Mariner's Compass : नाविक कम्पास ।
Marine stack : समुद्री शैल स्तम्भ ।
Marine survey : समुद्री सर्वेक्षण ।
Marine terrace : तटवर्ती वेदिका ; बालू तट वेदिका ; 150 फुट से ऊँची तटीय वेदिका ।
Marine transgression : समुद्रातिक्रमण ; समुद्र जल तल का ऊँचा उठ जाना ।
Maritime : समुद्री ; सागरीय ; समुद्रवर्ती; सागर सम्बन्धी ।
Maritime air mass : समुद्री वायु राशि ; समुद्री वायु ।
Maritime best : प्रादेशिक तटवर्ती समुद्र पट्टी ; प्रान्तीय समुद्र ।
Maritime boundary : समुद्री सीमा ।
Maritime climate : समुद्री जलवायु ।
Maritime commerce : समुद्री व्यापार ।
Maritime continental contrast : समुद्रवर्ती महाद्वीपीय विभिन्नता ।
Maritime peril : सामुद्रिक संकट ।
Maritime polar air mass : समुद्रवर्ती ध्रुवीय वायु राशि ।
Maritime position : सामुद्रिक स्थिति ।
Maritime supremacy : सामुद्रिक सर्वोपरिता ; श्रेष्ठतम समुद्री शक्ति मत्ता ; सामुद्रिक शक्ति-सर्वोच्चता ।
Maritime transport : समुद्री परिवहन ।
Mark : स्तर ; चिह्न ; निशान ; अंक ; नम्बर ।
Market : बाजार ; क्रय-विक्रय स्थल ।
Market gardening : फलफूल व सब्जियों की सघन कृषि ; सब्जी-तरकारियों का उत्पादन ।
Market town : क्षेत्रीय ग्राम्य नगर ; क्रय-विक्रय नगर ; मार्केट नगर ।
Marking-arrow : सर्वेक्षण बिन्दु अंकन शलाका ; पैमाइशी बिन्दु अंकन तीर ।
Marking station : सर्वेक्षण स्टेशन बिन्दु अंकन ।
Marl : सागरीय चिकनी मिट्टी ; चूर्णीय चीका मिट्टी ; चूना मिश्रित चीका मिट्टी ।
Marling : (नमी रोकने की क्षमता बढ़ाने हेतु) रेतीली मिट्टी में चीका मिट्टी

मिश्रित करना।
Marquois : समान्तर रेखाएँ खींचने की पटरी ; समान्तर रेखण मापक।
Mars : मंगल ग्रह।
Marsh : दलदल।
Marshy land : दलदली भूमि ; झाबर क्षेत्र।
Mascaret : जलधारा के विरुद्ध प्रगामी ज्वारभित्ति।
Mass : राशि ; पिण्ड ; दल ; ढेर ; समुदाय ; मात्रा ; जन समूह।
Mass diagram : (खुदाई की लागत के अनुमानार्थ निर्मित) स्थल पुञ्ज आरेख।
Massif (Fr.) : उच्च पठारी स्थल खण्ड ; पठारी खण्ड ; मेसिफ।
Marsim : पूर्वी पशुओं की आदिम जातियाँ।
Massive mountain : विशाल पिण्डाकार पर्वत ; विशालकाय पर्वत।
Massive rock : भारी भरकम वृहत् शैल ; पुञ्जित शैल।
Mass movement of surface soil : भूपृष्ठीय मिट्टी का ढाल की तरफ वहन ; धरातलीय पदार्थ-वहन।
Mass production : विशाल पैमाने पर उत्पादन।
Mass survey : सामूहिक सर्वेक्षण।
Mass translocation : सामूहिक स्थानान्तरण ; विशाल पैमाने पर पदार्थ स्थानान्तरण।
Mass wasting : धरातली पदार्थों का विशाल पैमाने पर वहन।
Mas'er consequent stream : प्रधान अनुवर्ती जलधारा ; प्रधान स्वभावोद्भूत जलधारा।
Matching coast line : तुल्य तट रेखा।
Mate, yerba mate : उष्ण शीतोष्ण कटिबन्धीय चाय ; पराग्वे चाय ; दक्षिण अमेरिका का राष्ट्रीय पेय पदार्थ।
Materials of earth crust : भूपृष्ठीय पदार्थ।
Mathematical Geography : गणितीय भूगोल।
Mathematical location : गणितीय स्थिति।
Matorral (Sp.) : पश्चिमी भूमध्य सागरीय क्षेत्रों की सदाबहार सुगन्धित झाड़ियाँ।
Mato tepee : दैत्याकार लावा मीनार ; विशालकाय प्राचीन ज्वालामुखी ग्रीवा।
Mature landscape : प्रौढ़ प्राकृतिक स्थल रूप ; प्रौढ़ स्थल रूप ; प्रौढ़ प्रादेशिक स्थल रूप।
Mature region : परिपक्व क्षेत्र ; प्रौढ़ क्षेत्र ; पूर्णतः विकसित क्षेत्र।
Mature river valley : प्रौढ़ नदी घाटी ; पूर्ण विकसित नदी घाटी ; परिपक्व घाटी ; युवावस्था की नदी घाटी।
Mature soil : परिपक्व मिट्टी ; मिट्टी की प्राचीन परत।
Mature stage : प्रौढ़ावस्था ; परिपक्वावस्था ; युवावस्था।
Mature stream : प्रौढ़ जल धारा ; विकसित जल धारा।
Mature topography : प्रौढ़ स्थल रूप रेखा ; युवा स्थलाकृति।
Mature town : प्रौढ़ नगर ; युवा नगर।
Mature valley : प्रौढ़ घाटी ; पूर्ण विकसित घाटी ; युवावस्था की घाटी।
Mausim : मौसम।
Maximum and minimum thermometer : न्यूनाधिकतम-थर्मामीटर।
Mayen : विचरणशील मौसमी पशु चारण की मध्यावस्था ; मौसमी पशु प्रवास की मध्यावस्था।
Meadow : चरागाह ; नदी या नदी घाटी के पास का घास का मैदान।
Meadow soil : बाढ़ क्षेत्रों की अन्तर्क्षेत्रीय मिट्टी ; चरागाही क्षेत्र-मिट्टी।
Mealie : मक्का।
Mean : औसत ; मध्यमान ; माध्य ; मध्यवर्ती ; मध्यक।
Mean age : औसत आयु ; मध्यमान आयु ; माध्य उम्र।
Mean annual rainfall : औसत वार्षिक वर्षा।
Mean annual temperature : औसत वार्षिक वर्षा।

Mean anomaly : मध्यमान कोणिकान्तर; माध्य विसंगति ।
Mean astronomical time : औसत खगोलीय समय ।
Mean birth rate : औसत जन्म दर ।
Mean, climatic : जलवायु औसत ; जलवायु सम्बन्धी औसत ।
Mean coordinates : मध्यमान निर्देशांक ।
Mean daily temperature : औसत दैनिक ताप ।
Mean death rate : औसत मृत्यु दर ।
Mean deviation : मध्यमान विचलन ; माध्य अन्तर ।
Mean density : औसत घनत्व ।
Mean depth : औसत गहराई ।
Meander (—ing) : विसर्पी मोड़ ; वक्राकार मार्ग ; चक्रिल मार्ग ; घुमावदार मार्ग ; मियण्डर ।
Meander belt : समतल घाटी का वक्राकार नदी मार्ग कटिबन्ध ; नदी का विसर्पी मोड़-क्षेत्र ; मियण्डर सीमा क्षेत्र ।
Meander, incised : नदी का वक्राकार निम्न कटानी मार्ग ; चक्रिल निम्नगा कटान ।
Meander river : वक्राकार मोड़ नदी ; विसर्पी मोड़ युक्त नदी ।
Meander scar : नदी का विच्छेदित वक्राकार मार्ग ; परित्यक्त मियण्डर मार्ग ।
Meander scarp : वक्राकार प्रलम्बी ढालू मार्ग ।
Meander spur : वक्राकार पर्वत प्रक्षिप्त भाग ।
Meander terrace : विसर्पी मोड़ निर्मित अयुग्मित वेदिका ; मियण्डर वेदिका ।
Mean equator : मध्यक विषुवद् वृत्त ।
Mean high water level : औसत उच्चतम जल स्तर ।
Mean low water level : औसत निम्न जल स्तर ।
Mean monthly rainfall : औसत मासिक वर्षा ।
Mean ordinate rule, of area measurement : क्षेत्र माप का माध्य समान्तर रेखा सिद्धान्त ।
Mean proportional : मध्यानुपाती ।
Mean radius : औसत अर्द्धव्यास ; मध्यक अर्द्धव्यास ।
Mean Sea Level (M.S.L.) : औसत समुद्र तल ; समुद्र तल ।
Means of access : अभिगमन मार्ग ।
Means of communication : संचार साधन ।
Means of irrigation : सिंचाई के साधन ।
Means of transportation : परिवहन के साधन ।
Mean sidereal day : माध्य नक्षत्र दिवस (23 घण्टा, 56 मिनट, 4 सैकण्ड का दिवस) ।
Mean solar day : माध्य सौर दिवस (24 घण्टे का—86400 सैकण्ड का दिवस) ।
Mean solar time : माध्य सौर समय (काल) ।
Mean sphere level : माध्य भूमण्डल तल ।
Mean sun : मध्यक सूर्य ।
Mean temperature : औसत तापमान ।
Mean time : यथार्थ समय ; माध्य समय ।
Mean time, Greenich : ग्रिनिच यथार्थ समय ।
Mean variation : माध्य परिवर्तन; औसत परिवर्तन ।
Mean velocity : मध्यमान वेग ।
Measurement : माप ; पैमाइश ; नाप ।
Measure of dispersion : विखण्डन माप ; प्रसार माप ; वियोजन माप ।
Measure of location : स्थिति निर्धारण माप ।
Measure of temperature : तापक्रम-माप ।
Measuring rod : माप छड़ ; माप दण्ड; पैमाइश छड़ ।
Measuring scale : माप श्रेणी; मापक ।
Mechanical ablation : (हिम सतह से हिम का) भौतिक अपक्षरण ।
Mechanical action : भौतिक क्रिया ; नैसर्गिक क्रिया ।

Mechanical aggradation : भौतिक क्रियाकृत भू-अभिवृद्धि ।
Mechanical disintegration : यान्त्रिक विखण्डन ; भौतिक विखण्डन ; नैसर्गिक विच्छेदन ।
Mechanical erosion : भौतिक कटान ; यान्त्रिक अपरदन ।
Mechanical method : मानचित्र पर सर्वेक्षण स्टेशन-स्थिति निर्धारण की यान्त्रिक विधि ; स्टेशन-स्थिति निर्धारण की यांत्रिक या अक्सीय कागज विधि ।
Mechanical rock : खण्डमय शैल ; भौतिक विखण्डनकृत शैल ।
Mechanical stipples : (बिन्दी बिन्दी कृत) यान्त्रिक चित्रण ।
Mechanical transport : यान्त्रिक परिवहन ; मोटर परिवहन ।
Mechanical weathering : भौतिक अपक्षय ; यान्त्रिक ऋतुक्रिया ; भौतिक शैल विखण्डन तथा अपक्षय ; यान्त्रिक ऋतुक्षरण ।
Medial moraine, Median moraine : मध्यवर्ती हिमोढ़ ।
Median mass : मध्यवर्ती क्षेत्र ; मध्य पिण्ड ; मोड़दार पर्वतीय प्रदेश के मध्य का अन्त:उच्च पर्वतीय क्षेत्र ।
Medical geography : स्वास्थ्य भूगोल ।
Mediterranean climate : भूमध्यसागरीय जलवायु ।
Mediterranean sea : भूमध्य सागर ; रूम सागर ।
Mediterranean type natural region : भूमध्य सागर तुल्य प्राकृतिक प्रदेश ।
Mediterranean waist : भूमध्य सागरीय कटिबन्ध ।
Medithermal : तात्कालिक हिम युगोत्तर काल (2500 ई० पूर्व से······) ।
Medium drainage density : मध्यम अपवाह घनत्व ।
Medium sand : मध्यम कणों वाली बालू ।
Medium staple cotton : मध्यम रेशे वाली कपास ।
Medium texture : मध्यम संरचना ; मध्यम गठन ।
Mega cycle : वृहत् चक्र ; मेगासाइकिल ।
Megalithic : महापाषाणी ; महापाषाण निर्मित ।
Megalopolis : विराट नगर ; अतिविशाल वृद्ध नगर ।
Megatherm : उच्च ताप एवं वृष्टि क्षेत्रीय वनस्पतियाँ ; 64·5° फेरेनहाइट से अधिक औसत ताप में पनपने वाली उष्णकटिबन्धीय वनस्पति ।
Megathermal period : C 5500 से 3000 ईसा पूर्व का जलवायु काल ।
Meinesz zone : मिनेज का विलोम गुरुत्व विसंगति क्षेत्र (जिसके नीचे कम घनत्व की सियाल चट्टानें मिलती हैं) ।
Melanesia : मेलानेशिया—पश्चिमी प्रशान्त महासागर का न्यूगाइना से आस्ट्रेलिया तट तक के चापाकार द्वीप समूह का भाग ।
Melanocratic : स्याह वर्ण ; कृष्ण वर्णी ।
Mellow soil : मुलायम उपजाऊ मिट्टी ।
Melon : तरबूज ।
Melon, musk : खरबूजा ।
Melting : द्रवण ; पिघलना ; पिघलाना ; गलना ।
Melting point : द्रवांक ; द्रवण बिन्दु ।
Melt water : (हिम से) पिघला हुआ जल ।
Me-nam, Maenam (Siami) : विशाल जल पुञ्ज ।
Mendip : उन्मग्न तटीय पहाड़ी ; समुद्री टापू जो मैदानी पहाड़ी बन गया हो ; आकस्मिक उभरी पहाड़ी ।
Mensuration : क्षेत्र माप ; भूविस्तार पैमाइश ; माप ।
Mercalli scale : मर्केली का भूकम्प आघात तीव्रता मापक ।
Mercator's chart : नाविकों का सामुद्रिक मानचित्र ; मर्केटर का शुद्ध सामुद्रिक दिशामान रेखाचित्र ।
Mercator's projection : बेलनाकार शुद्ध आकृतिक मर्केटर प्रक्षेप ।
Merchandise : व्यापारी माल ; माल ।
Mercury : बुध ग्रह ।
Mercury : पारा ; पारद ।

Mercury, Barometer : पारद वायुदाब मापक यन्त्र ; पारद बैरोमीटर ।

Mere : वृत्ताकार लघु झील ; प्राय: मैदानी गोल सरोवर ।

Mere : सीमा ; घेरा ; परिधि ; सीमाबद्ध करना ; हृदबन्दी ।

Merged altitude tint : उच्चतादर्शक समाविष्ट वर्ण आभा ; ऊँचाई की हल्के रंग की विलीन आभा ; विलीन वर्ण आभांकन ।

Meridian : मध्याह्न रेखा ; देशान्तर रेखा ; मध्य रेखा ; दोनों ध्रुवों को छूने वाला दीर्घवृत्त ।

Meridian altitude : मध्याह्निक उन्नतांश ।

Meridian arrow : उत्तरदर्शी तीर ; देशान्तर रेखा की दिशा का तीर ।

Meridian circle : ध्रुव वृत्त ; दीर्घ वृत्त ; अक्षीय वृत्त ।

Meridian day, Antipodes day : अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पार किया जाने वाला दिवस ।

Meridian passage : ध्रुव वृत्त मार्ग ; देशान्तरीय मार्ग ।

Meridian plane : अक्षीय तल ; अनुदैर्ध्य तल ।

Meridional : मध्याह्निक ; दक्षिणी ; मध्याह्न रेखा सम्बन्धी ।

Meridional depression : दक्षिणाभिमुख गर्त ।

Meridional direction : देशान्तरीय दिशा ।

Meridional flow : वायुमण्डलीय उत्तर-दक्षिण वायु संचार ।

Meridional wind : दक्षिणाभिमुख वायु ।

Merino : मेरीना भेड़ ; मेरीना ऊन ; उत्कृष्ट ऊन ।

Mesa (Sp.) : पटल प्रस्थ शैल ; समतल शीर्षस्थ शैल ; अर्द्धशुष्क क्षेत्रीय अवशिष्ट पटल शैल ।

Meseta : (स्पेन का) उच्च पठारी भाग ; समतल उच्च प्रदेश ।

Mesh : जाली ; जाल ।

Mesocephalic : मध्यम शीर्ष का ; शीर्षाभिसूचक (75 एवं 83·1) ।

Mesoclimate : मध्यम जलवायु ।

Mesogeosyncline : मध्यस्थ भूसन्नति ; मध्य भू-अभिनति ।

Mesolithic period : मध्य प्रस्तर काल ; मध्य पाषाण काल ।

Mesomorph : मध्यम कद का ; आयताकार ।

Mesons : मध्याणु ।

Mesophyte : मध्यम जाति के पौधे ; औसत आर्द्रता पर जीवित रहने वाले पौधे ।

Mesopotamia (GK) : जल राशियों के मध्य स्थित स्थल ; मेसोपोटामिया—दजला फरात के मध्य स्थित ।

Mesosphere : मध्यस्थ मण्डल ; समताप मण्डल तथा अयनमण्डल के मध्य की वायुमण्डलीय परत (50—80 किलोमीटर की ऊँचाई की वायुमण्डलीय परत) ।

Mesotherm : मध्यम ताप व वर्षा में पनपने वाली वनस्पतियाँ ।

Mesothermal : मध्यतापीय ।

Mesotil profile : मध्य पार्श्विका ।

Mesozoic age : मध्यकल्प काल ; भूगर्भ कालक्रम का द्वितीय शिला युग ।

Mesozoic era : मध्यजीवी महाकल्प ।

Mesozoic rock : (C 225 से 7 करोड़ वर्ष प्राचीन) द्वितीय शिलायुग की चट्टान ; मेसोजोइक शैल ।

Mesozone : रूपान्तरण का मध्यवर्ती क्षेत्र; मध्यस्थ मण्डल ।

Mesquite : गहरी जड़ों वाली कंटीली झाड़ियाँ ; शुष्क क्षेत्रीय लघु कंटीले वृक्ष ।

Mestizo : यूरोपवासी व अमरीकी इंडियन की वर्ण संकर सन्तान ।

Meta igneous rock : रूपान्तरित आग्नेय शैल ।

Metal : धातु ।

Metalled road : पक्की डामर सड़क ; पक्का पथ ।

Metallic tape : धातु-फीता ; धातु तार मिश्रित कपड़े का फीता ।

Metallography : धातु विद्या ; धातु रचना शास्त्र ।
Metallurgy : धातु शोधन विद्या ।
Metal wool : धातु के रेशे ।
Metamorphic Aureole : रूपान्तरित चट्टानों का स्पर्श क्षेत्र ।
Metamorphic rock : रूपान्तरित शैल ; कायान्तरित शैल ।
Metamorphism : रूपान्तरण ; कायान्तरण ।
Metamorphosed : रूपान्तरित ; कायान्तरित ।
Metasomatic deposit : परिवर्तन जात निक्षेप ; कायान्तरण निक्षेप ।
Metasomatism : शैल तत्वों का रूपान्तरण ; शैल सामग्री का रासायनिक प्रतिस्थापन ।
Metastable equilibrium : दीर्घ स्थायी सन्तुलन ; अविस्थायी सन्तुलन ।
Metayage (Fr.) : (मालिक व कृषक के मध्य) कृषि उत्पादन का बँटवारा ।
Metayer (Fr.) : भूमिहीन कृषक ।
Meteor : उल्का ; टूटा हुआ तारा ; आकर्षण केन्द्र से विपथगामी तारा ।
Meteoric dust : उल्का धूलि ।
Meteoric water : अवपृष्ठ जल ; वायुमण्डल से प्राप्त भू-पृष्ठीय जल ; आकाशी जल ।
Meteorite : उल्काश्म ; उल्का पत्थर ; उल्का पिण्ड ।
Meteorograph : ऋतु ग्राफ ; उल्कापात ग्राफ ।
Meteoroid : आकाशी उल्कापिण्ड ; वायुमण्डलीय उल्काश्म ।
Meteorological chart : मौसम चार्ट ; ऋतु चार्ट ।
Meteorological cycle : ऋतु चक्र ।
Meteorological data : मौसम सम्बन्धी आंकड़े ; मौसमी आधार सामग्री ।
Meteorological equator : अन्तरिक्ष भूमध्य रेखा ।
Meteorological instruments : मौसम विज्ञान सम्बन्धी उपकरण ; जलवायु वैज्ञानिक उपकरण ।
Meteorological observatory : ऋतु वेधशाला ।
Meteorological observer : मौसम प्रेक्षक ।
Meteorological phenomena : मौसम घटना ; ऋतु तत्त्व ; मौसम विज्ञान लक्षण ।
Meteorological tide : मौसम सम्बन्धी उतार-चढ़ाव ।
Meteorology : ऋतु विज्ञान ; मौसम विज्ञान ; जलवायु विज्ञान ।
Meteorotropism : परिवर्तित जलवायु में जीवित प्राणियों की संवेदनशीलता ।
Meter : (द्रव, वायु, गैस, विद्युत् आदि मापी) मीटर ; मापक यन्त्र ।
Meter gauge : छोटी रेल लाइन ; मीटर रेल लाइन ।
Metes and bounds : नगरीय क्षेत्रों की माप पद्धति (दूरी चैन-फीते से तथा दिशा कोणमापी यन्त्र से) ।
Methods of enlarging plan : विन्यास मानचित्र के आवर्धन की विधियाँ; योजना मानचित्र को बड़ा बनाने की विधियाँ ।
Methods of locating a point : बिन्दु (स्थान) निर्धारण की विधियाँ ।
Methods of reducing plan : विन्यास मानचित्र के लघुकरण की विधियाँ ; योजना मानचित्र को छोटा बनाने की विधियाँ ।
Methods of resection : स्थिति निर्धारण विधियाँ ; चित्रण-पटल सर्वेक्षण में प्रेक्षित बिन्दुओं द्वारा अवलोकन स्थिति निर्धारण की पद्धतियाँ ।
Methods of surveying : सर्वेक्षण पद्धतियाँ ।
Methods of traversing : पारगामी सर्वेक्षित संरेखण विधियाँ ।
Metre : मीटर ; मीटर प्रणाली में प्रयुक्त लम्बाई की इकाई (1 मीटर=100 सैण्टीमीटर या 39·37 इंच) ।
Metric ton : मैट्रिक टन (2204·6223 पौण्ड भार का या 0·98 लौंग टन) ।
Metropolis : महानगर ।
Metropolitan area : महानगर क्षेत्र ;

राजधानी क्षेत्र ; महानगरीय क्षेत्र ।

Metropolitan district : महानगरांचलीय नगर प्रदेश ।

Mica : अभ्रक ।

Microbiogeography : सूक्ष्म जीव भूगोल ।

Micro-climate : लघु क्षेत्रीय जलवायु ; लघु परिवेश जलवायु ।

Micro-climatology : सूक्ष्म क्षेत्रीय जलवायु विज्ञान ; लघुपरिवेश जलवायु शास्त्र ।

Microgranite : सूक्ष्म कणाश्म ; मध्यम रवेदार सूक्ष्म अन्तर्भेदी ग्रेनाइट ; लघु ग्रेनाइट क्षेत्र ।

Microlite : सूक्ष्म स्फटिक ; सूक्ष्म रवेदार चट्टान ।

Micro-meteorology : निम्नतम वायुमण्डलीय परत से सम्बन्धित मौसम विज्ञान ; कृषि उपज जलवायु विज्ञान ; सूक्ष्म मौसम विज्ञान ।

Micrometer : सूक्ष्ममापी ।

Micronesia : माइक्रोनेशिया – मेलानेशिया के उत्तर उत्तर-पूर्व के निम्न व असंख्य द्वीप समूह ।

Micro-photography : सूक्ष्म फोटोचित्रण ; लघु आकार के फोटो चित्र लेने की कला ।

Micro region : लघु-प्रदेश ; लघु क्षेत्र ।

Micro-second : सैकण्ड का दस लाखवां भाग ।

Micro seism : सूक्ष्म भूकम्प ; लघु (भू) कम्प ।

Microseismic barrier : सूक्ष्म भूकम्प अवरोध ।

Microseismograph : सूक्ष्म भूकम्प सूचक यन्त्र ।

Microseismometer : सूक्ष्म भूकम्प वेग मापक यन्त्र ।

Microthermal : शीतोष्ण ।

Microtherms : कम गर्मी एवं कठोर ठण्ड में पनपने वाली वनस्पतियां ।

Micro wave : सूक्ष्म तरंग ; लघु तरंग ।

Mid-day : मध्याह्न ।

Middle East : मध्य-पूर्व ; पश्चिम एशिया ।

Middle latitude cyclone : मध्य अक्षांशीय चक्रवात ।

Middle valley plain : मध्य घाटी मैदान ; माध्य घाटी मैदान ।

Middle veld : शीतोष्ण कटिबन्धीय दक्षिण अफ्रीका के 3000′ से 4000′ ऊंचाई के घास के मैदान ।

Mid land : मध्य देशीय ; देश का मध्य भाग ; भीतरी भाग ।

Mid latitude deserts : मध्य अक्षांशीय मरुस्थल ; उच्च बेसिन व पठारीय मरुस्थल ।

Mid latitude furrow : मध्य अक्षांशीय खाई ; मध्य अक्षांशीय पहाड़ियों के मध्य का खाँचा ।

Mid latitude steppe : शीतोष्ण कटिबन्धीय एशिया-यूरोप के घास के मैदान; स्टेपी घास के मैदान ।

Mid night Sun : मध्य रात्रि का सूर्य ; 63° 30′ अक्षांश से ऊपर उत्तरी गोलार्द्ध में मध्य मई से जुलाई तक तथा दक्षिण गोलार्द्ध में मध्य नवम्बर से जनवरी तक मध्य रात्रि में दिखाई देने वाला सूर्य ।

Mid ordinate rule : मध्य कोट्यांक विधि ; मध्य कोटि व्यवस्था ; मध्य समान्तर रेखा विधि ।

Mid stream : धारा का मध्य भाग ; मझधार ।

Mid summer day : ग्रीष्म मध्याह्न ।

Mid way Atoll : मध्यमार्गीय प्रवाल वलय ।

Mid winter day : शीत मध्याह्न ।

Migrate : देशान्तर गमन करना ; स्थान परिवर्तन ।

Migrating grazing : विचरणशील पशु चारण ।

Migration : देशान्तर गमन ; देशान्तरण ; स्थानान्तरण ; प्रवास ।

Migration of divide : परिवर्तनशील जल विभाजक रेखा ; जल विभाजक का स्थान परिवर्तन ।

Migratory cyclone : स्थानान्तरगामी

चक्रवात ; भ्रमणशील चक्रवात ।
Milch cow : दुधारु गाय ।
Mild climate : सौम्य जलवायु ; मध्यम जलवायु ।
Mild humus : मध्यम ह्यूमस ; हरी वनस्पति मिश्रित हल्की मिट्टी ।
Mild summer : हल्की ग्रीष्म ऋतु ; अप्रखर ग्रीष्म ।
Mild wind : मन्द समीर ।
Mile, geographical : भौगोलिक मील ; मील ; भूमध्य रेखीय एक मिनट चाप की लम्बाई (6087·2 फुट) ; मान्य भौगोलिक मील (6080 फुट) ।
Mile, nautical : समुद्री मील (6076·1033 फुट लम्बाई का अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री मील ।
Mile, statute : मान्य मील (5280 फुट या 1760 गज की लम्बाई का) ; सामान्य मील ।
Milieu (Fr.) : वातावरण ; परिवेश ; परिस्थिति ; आस-पड़ोस का वातावरण ।
Military block : सैन्य गुट ।
Military geography : सैन्य भूगोल ।
Military grid : सैन्य वर्गांकित ग्रिड रेखाचित्र ; सैन्य ग्रिड प्रणाली ।
Military map : सैन्य मानचित्र ; सैनिक मानचित्र ।
Milky way : आकाश गंगा ।
Milky quartz : दूधिया स्फटिक ; चूर्णीय स्फटिक ।
Mille map : बिन्दुकित परिमाणात्मक वितरण मानचित्र ; एक बिन्दु के एक हजारवें हिस्से को प्रदर्शित करने वाला मानचित्र ।
Millet : मोटा अनाज ।
Millet seed sand : वायु कटान निर्मित गोलकणिक रेत ; वायु रगड़ (ह्रास) निर्मित गोल कणाकार रेत ; वायव्य अपरदनात्मक बालू ।
Millibar : मिलिबार ; 1000 डाइन्स प्रति वर्ग सैण्टीमीटर की वायुमण्डल भार मापक इकाई ।
Million, Millionaire city : दस लाख की आबादी का नगर ; दस लक्ष आबादी का नगर ।
Million sheet : 1 : 1,000,000 प्र० भि० का अन्तर्राष्ट्रीय मानचित्र ।
Mill site : निर्माण स्थल ।
Mill stone grit : (कोयले की परतों से नीचे) दीर्घ कणिक बालू प्रस्तर ।
Milpa cultivation : स्थानान्तरणशील कृषि ; परिवर्ती खेती ।
Mindel : आल्पीय हिम युगीन हिम नद्य निक्षेप का द्वितीय काल—मिण्डेल ।
Mine : खान ; खान खोदना ; भूगर्भस्थ मार्ग बनाना ; सुरंग ।
Mine field : खान क्षेत्र ; सुरंगी क्षेत्र ।
Mineral : खनिज ; खनिज पदार्थ ।
Mineral fuel : खनिज ईंधन (तेल, कोयला, गैस आदि) ।
Mineral map : खनिज सम्पदा का मानचित्र ; खनिज पदार्थ मानचित्र ; खनिज मानचित्र ।
Mineralogy : खनिज विज्ञान ; खनिज विद्या ।
Mineral oil : खनिज तेल ; पैट्रोल ।
Mineral ore : खनिज धातु ; कच्ची धातु ।
Mineral pitch : खनिज डामर ; डामर ।
Mineral reserve : खनिज भण्डार ।
Mineral resources : खनिज स्रोत ; खनिज साधन स्रोत ; खनिज सम्पदा ।
Mineral salt : खनिज लवण ; सैंधा नमक ।
Mineral spring : खनिज लवण युक्त जल स्रोत ; लवण जल स्रोत ।
Mineral streak : खनिज धारी ; खनिज रेखा ।
Mineral vein : खनिज पट्टी ; खनिज शिरा ; दरारी खनिज पट्टी ; खनिज रेखा पट्टी ।
Mineral water : शैल जल ; खनिज जल ; क्षार जल ।
Minette (Fr.) : (24—40% धातु मात्रा का) लोह अयस्क ; कच्चा लोहा ।
Minimum deviation : न्यूनतम विचलन (परिवर्तन) ।

Minimum temperature : न्यूनतम ताप; अल्पतम ताप ।
Mining : खनन ; खान खोदना ।
Mining geology : खनन भूविद्या ।
Minute : मिनट ; डिग्री का साठवाँ भाग ; कोणीय अंश का 60वाँ भाग ; एक घण्टे का 60वाँ भाग ।
Minute of arc : वृत्त चाप ।
Miocene : अल्प नूतन युग ; मध्य नूतन युग (25,000,000 से 11,000,000 वर्ष पूर्व नवजीवकल्प का तृतीय काल); मायोसीन युग ।
Miocene rock : मध्य नूतन युगीन शैल ।
Miothermal : विश्व का घटता निम्नतर तापक्रम ।
Mirage : मृग तृष्णा ; गर्म मरुस्थलों में प्रकाश परावर्तन से उत्पन्न दृष्टि भ्रम ; मृग जल (धोखा) ।
Mire : दलदलीय क्षेत्र ; जलरुद्ध दलदल क्षेत्र ।
Mirror, clinometer, Watkin's : वाट्किन्स् का दर्पण प्रतिबिम्ब क्लाइनोमीटर ।
Mirrored bargraph : (दोनों तरफ के प्रतिबिम्बित) स्तम्भ रेखाचित्र ; केन्द्रीय शून्य रेखा के दोनों तरफ प्रदर्शित स्तम्भ रेखाचित्र ।
Misfit stream : विद्यमान चौड़ी घाटी में बहने वाली लघुतम धारा ; अत्यन्त चौड़ी घाटी और क्षीणतम प्रवाही धारा ; (शीर्षाभिमुखी धारा के अपहरण से, जल प्राप्ति की कमी से, हिमानी प्रवाही घाटी के चौड़ा होने से निर्मित) सुडौल घाटी और असंगत धारा ; अपहृत नदी ।
Misfit valley : अपहृत नदी घाटी ।
